–कार्यालय आदेश–

महाविद्यालय के समस्त प्रभारी/शिक्षक एवं छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़ के पत्र दिनांक–01.10.2024 के आलोक में महाविद्यालय द्वारा स्नातक/स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में प्रवेशित छात्रों के विषय चयन हेतु संशोधित दिशा निर्देश दिये गये है, उक्तानुसार अवगत होते हुए पठन–पाठन का कार्य संचालित करते हुए छात्र/छात्राओं को अवगत करावें।

दिनांक–05.10.2024

आज्ञा से

प्राचार्य

दिशा निर्देश

महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़ के पत्र दिनांक–01.10.2024 के आलोक में स्नातक/स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में प्रवेशित छात्रों के विषय चयन हेतु संशोधित दिशा निर्देश।

स्नातक प्रथम सेमेस्टर विषय चयन (संशोधित)

1. दो मेजर विषय अपने संकाय (Faculty) से लेना अनिवार्य है।
2. माइनर विषय का चयन Other Faculty से द्वितीय सेमेस्टर में अन्तरिम व्यवस्थानुसार किया जाएगा जो 6 क्रेडिट का होगा।
3. वोकेशनल विषय के रूप में महाविद्यालय में संचालित योगा एवं कम्प्यूटर में से कोई एक विषय का चयन अनिवार्य होगा।
4. सह–पाठ्यक्रम (Co-Curricular) First aid & Basic Health का चयन करना अनिवार्य है, जो कि 2 क्रेडिट (100 अंक) का वास्तुनिष्ठ प्रश्न–पत्र होगा।
5. **उपरोक्त के क्रम में स्नातक प्रथम सेमेस्टर में कुल 02 मेजर विषय, 01 सह–पाठ्यक्रम एवं 01 वोकेशनल का ही चयन करना अनिवार्य होगा।**

   उक्त पाठ्यक्रम सत्र 2024–25 से स्नातक प्रथम सेमेस्टर में संचालित किया जाएगा।

नोट–

1. विज्ञान संकाय (गणित)– PCM Group- हेतु 02 मेजर विषयों में से कम से कम एक गणित या भौतिक विज्ञान का चयन अनिवार्य है।
2. विज्ञान संकाय (बॉयो)– ZBC Group - हेतु 02 मेजर विषयों में से कम से कम एक प्राणी विज्ञान या वनस्पति विज्ञान का चयन अनिवार्य है।
3. बी0कॉम वाणिज्य संकाय में सिर्फ संकाय का चयन ही विषय की अनिवार्यता सुनिश्चित करेगा।
4. **बी0बी0ए0 प्रबन्धन संकाय में सिर्फ संकाय का चयन ही विषय की अनिवार्यता सुनिश्चित करेगा।**

विषय चयन की प्रक्रिया

1. Major 1 – Own Faculty (75+25)
   Major 2 – Own Faculty (75+25)
2. Minor (अन्तरिम व्यवस्था) Other Faculty in 2nd semester
3. Vocational – Yoga (60+40)
   or
   Computer (60+40)

4- Co-Curricular – First aid & Basic Health (100 MARK OMR-MCQ)

अर्थात स्नातक प्रथम सेमेस्टर में दो मेजर, 01 वोकेशनल एवं एक सह–पाठ्यक्रम (Co-Curricular-2 क्रेडिट) कोर्स संचालित किया जाएगा। वर्तमान सत्र 2024–25 से स्नातक प्रथम सेमेस्टर में संचालित किया जाएगा।

<u>स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर विषय चयन (संशोधित)</u>

स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक विषयों में कुल 05 प्रश्न–पत्र होंगे, जिनका चयन अध्ययन परिषद से पारित पाठ्यक्रम के अनुसार किया जाएगा। सत्र 2024–25 में माइनर विषय का चयन नहीं किया जाएगा।

नोट–शैक्षणिक सत्र 2024–25 से पूर्व के संचालित समस्त पाठ्यक्रम स्नातक/ स्नातकोत्तर को पूर्ववत् व्यवस्थानुसार संचालित किया जाएगा।

<u>महाविद्यालय में संचालित संकाय/पाठ्यक्रम/विषय</u>

भाषा संकाय	**कला एवं मानविकीय संकाय**	**विज्ञान संकाय**	**वाणिज्य संकाय**	**प्रबन्धन संकाय(बी0बी0ए0)**
1. हिन्दी 2. संस्कृत 3. अंग्रेंजी	1. राजनीति शास्त्र 2. समाजशास्त्र 3. अर्थशास्त्र 4. इतिहास 5. भूगोल 6. मनोविज्ञान 7. सैन्य विज्ञान 8. गृह विज्ञान (स्ववित्तपोषित)	1. गणित 2. भौतिक विज्ञान 3. रसायन विज्ञान 4. प्राणी विज्ञान 5. वनस्पति विज्ञान	1. व्यावसायिक संगठन 2. व्यावसायिक सांख्यिकी	1- Course Paper 1 A & B 2- Course Paper 2 A & B

- सह–पाठ्यक्रम (Co-Curricular) - First aid & Basic Health (100 MARK OMR-MCQ)
- व्यावसायिक पाठ्यक्रम (Voctional) - Yoga or Computer